# भारतीय स्टेट बैंक

## केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग
## कार्पोरेट केन्द्र, मुम्बई

### भारतीय स्टेट बैंक में
### प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण की ऑनलाइन परीक्षा के लिए

**[ CRPD/APPR/2023-24/17 ]**

# “स्वयं जानकारी पुस्तिका”

# प्रस्तावना

यह पुस्तिका आपको भारतीय स्टेट बैंक में प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण के लिए प्रतियोगी परीक्षा की विस्तृत जानकारी देती है । इस पद का विज्ञापन बैंक के वेबसाइट https://bank.sbi/careers/current-openings. में दिया गया था । विज्ञापन सं. CRPD/APPR/2023-24/17 में निबंधन और शर्तें, परिवीक्षा की अवधि, परिलब्धियाँ आदि सूचित की जा चुकी हैं। आपको, यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि विज्ञापन में निर्धारित आयु, शैक्षणिक योग्यता, राष्ट्रीयता के अनुसार आपकी पात्रता है।

इस पुस्तिका में आपके द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा के विभिन्न पहलुओं का विवरण दिया गया है, साथ ही यह भी बताया गया है कि परीक्षा में आपको किस प्रकार की प्रश्नावलियां दी जाएंगी । **वस्तुनिष्ठ परीक्षा के उत्तरों की जांच ऑनलाइन की जाएगी ।** आपको सलाह दी जाती है कि इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि यह आपको परीक्षा की तैयारी करने के लिए सहायता करेगी ।

# सामान्य निर्देश

1. **नोट करने योग्य बातें :** कृपया बुलावा पत्र पर दिया गया आपका परीक्षार्थी क्रमांक, परीक्षा तारीख, रिपोर्टिंग समय तथा परीक्षा केंद्र को कृपया ध्यानपूर्वक नोट कर लें ।

2. **उपस्थिति में समय की पाबंदी : आपको बुलावा पत्र में मुद्रित रिपोर्टिंग समय का पालन करना होगा। देरी से आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

3. **बुलावा पत्र :** कृपया परीक्षा केंद्र पर अपना बुलावा-पत्र, जिस पर आपकी पासपोर्ट आकार की **नवीनतम** फोटो (वही जो ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपलोड की गई हो) निर्धारित स्थान पर अच्छे प्रकार से चिपकी होनी चाहिए, 2 अतिरिक्त फोटो (उपस्थिति शीट में चिपकाने के लिए), फोटो पहचान के लिए प्रमाण पत्र मूल रूप में और साथ में फोटोकापी सहित अपने साथ अवश्य लायें। **फोटो पहचान के लिए प्रमाण पत्र मूल रूप में और साथ में फोटोकापी या बुलावा पत्र न लाने या बुलावा पत्र पर फोटो न लगाने या 2 अतिरिक्त फोटो न होने की स्थिति में आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।** बुलावा-पत्र पर परीक्षार्थी के हस्ताक्षर के लिये दिए हुए स्थान पर आपको अपने हस्ताक्षर पर्यवेक्षक के समक्ष करने होंगे । अभ्यर्थी अपने साथ बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाने के लिए इंक स्टाम्प पैड लाए । परीक्षा पूरी होने पर आपको फोटो पहचान के साक्ष्य की फोटो प्रति के साथ अपना बुलावा पत्र जमा करना होगा।

4. आपके हस्ताक्षर अपलोड किए गए हस्ताक्षर के समान ही होने चाहिए। यदि इनमें भिन्नता हुई तो आपको परीक्षा हेतु अनुमति नहीं दी जाएगी। CAPITAL LETTERS में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

5. **अनुदेशों का पालन करना :** जिस परीक्षा के लिये आपको बुलाया गया है उसकी सभी अवस्थाओं में आपको परीक्षा-प्रशासकों ओर पर्यवेक्षकों द्वारा दी गई हिदायतों का ठीक ठीक पालन करना होगा । यदि आप हिदायतों का उल्लघंन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जायेगा और आपको परीक्षा केंद्र से बाहर जाने के लिये भी कहा जा सकता है ।

6 **पुस्तकें, पर्चियाँ, गणक मशीन एवं सेल फोन का उपयोग :** अलग से या घडी के साथ बनी गणक मशीन, सेलफोन, पुस्तकें, स्लाईड रूलर्स, नोटबुक या लिखी हुई पर्चियों को परीक्षा भवन के अंदर ले जाने की अनुमति **नहीं** दी जाएगी ।

7. जब तक आपको अनुमति न मिले तब तक अपनी सीट मत छोड़िये ।

8. **लेखन सामग्री का प्रयोग :** आप अपने साथ पेंसिले, बाल प्वाइंट पेन, रबड़, इंक स्टाम्प पैड जैसी लेखन सामग्री अवश्य लाएं । **अभ्यर्थी अपने साथ बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाने के लिए इंक स्टाम्प पैड लाए ।**

9. **कच्चा कार्य पुस्तिका पर करना :** आप सभी आवश्यक कच्चा कार्य दिए गए कागज पर करें । **परीक्षा समाप्त होने के बाद आप अपना कच्चा कागज जमा करें।** यदि कोई उम्मीदवार इस सामग्री को वापस नहीं करता है अथवा प्रश्न या उत्तर कमरे के अन्दर अथवा बाहर ले जाने अथवा देने का प्रयत्न करता हुआ पाया जाता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और बैंक अपने नियमों के अनुसार उसके विरुद्ध आगे कार्यवाही कर सकता है ।

10. जो अभ्यार्थी परीक्षालेखक (स्क्राइब) का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें एक घोषणा फॉर्म (स्क्राइब घोषणा फॉर्म) जमा करना होगा जिसे बैंक की अधिकृत वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

11. दिनांक 10.08.2022 के OM - F. No. 29-6/2019-DD-III के अनुसार स्क्राइब का लाभ लेने वाले उम्मीदवारों को स्क्राइब सुविधा की अनुमति ऑनलाइन परीक्षा के समय, उक्त दिशानिर्देशों के परिशिष्ट I के अनुसार किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर दी जाएगी कि संबंधित व्यक्ति के पास लिखने की सीमित क्षमता है और वह स्क्राइब उसकी ओर से परीक्षा लिखने हेतु आवश्यक है। ऐसे उम्मीदवारों को उक्त दिशानिर्देशों के परिशिष्ट I और परिशिष्ट II के अनुसार निर्दिष्ट चिकित्सा प्रमाण पत्र के बिना परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

12. **नकल करना/कदाचार/अनुचित व्यवहार :** यदि उम्मीदवार निम्नलिखित कार्यों में लिप्त पाये गये ----

i) नकल करते हुए या नकल करने देते हुए;

ii) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए;

iii) छद्म रूप धारण करते हुए या किसी व्यक्ति द्वारा छद्म रूप धारण करवा कर प्रस्तुत कराते हुए;

iv) परीक्षा केंद्र पर दुर्व्यवहार करते हुए;

v) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करना, प्रकाशित करना, पुनः प्रस्तुत करना, ट्रांसमिट करना, स्टोर करना या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाना या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाना या परीक्षा सामग्री पर अनधिकृत कब्जा करना ।

vi) अन्य किसी अनियमित या अनुचित साधनों का आश्रय लेते हुए;

vii) अन्य किसी रूप में अपनी उम्मीदवारी का समर्थन प्राप्त करते हुए ।

तो वह उम्मीदवार आपराधिक अभियोजन के साथ साथ निम्नलिखित का भी पात्र होगा :-

(अ) चयन प्रक्रिया के अयोग्य माना जाना

(ब) बैंक द्वारा ली जानेवाली किसी भी परीक्षा या चयन के लिए स्थायी रूप से/किसी अवधि विशेष के लिए रोका जाना ।

उम्मीदवारों को गलत सूचना भरने/प्रस्तुत करने/सूचना में हेरफेर करने/गढ़ने या महत्त्वपूर्ण तथ्य छिपाने के विरुद्ध चेतावनी दी जाती है ।

एकरूपता के पैटर्न का पता लगाने के लिए बैंक उम्मीदवार के प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के प्रत्युत्तरों के साथ विश्लेषण करेगा | ऐसे विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया जाता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक | वास्तविक/वैध नहीं है तो बैंक उसकी उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार आरक्षित रखता है |

13. **यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा : परीक्षा के संबंध में कोई यात्रा भत्ता या अन्य खर्च नहीं दिए जाएंगे । कृपया यह भी नोट कर लें कि बुलावा पत्र भारतीय स्टेट बैंक द्वारा नौकरी का प्रस्ताव नहीं है ।**

14. उम्मीदवार अपने जोखिम और खर्च पर परीक्षा स्थल पर परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे और SBI किसी भी प्रकार की चोट या हानि आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

15. परीक्षा के संचालन में किसी समस्या की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है जिसकी वजह से रिजल्ट को जनरेट करना और/या सुपुर्द करना प्रभावित हो सकता है । इस वारदात के बाद पूरा प्रयास किया जाएगा कि समस्या का समाधान हो जाए जिसमें यदि आवश्यक हुआ तो उम्मीदवारों को एक स्थान/लैब/कंप्यूटर (नोड) से दूसरे पर ले जाना और पुनः परीक्षा लेना शामिल होगा ।

16. **केंद्र पर, अभ्यार्थी पंजीकरण फोटो कैप्चर और IRIS स्कैन लेकर किया जाएगा। (VI अभ्यर्थियों के दाएं अंगूठे का बायोमैट्रिक कैप्चर लेकर किया जाएगा ।**

17. **कैप्चर की गई फोटो, अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र पर अपलोड की गई फोटो के साथ मिलाई जाएगी ।**

## IRIS स्कैन

परीक्षा स्थल पर IRIS स्कैन और फोटोग्राफ कैप्चर लिया जाएगा। कैप्चर किए गए फोटो का मिलान अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में अपलोड फोटो से किया जाएगा। आपको अपनी शक्ल आपके द्वारा अपलोड फोटो से बिलकुल नहीं बदलनी चाहिए।

**IRIS डाटा सत्यापन की स्थिति (मिलान होता है या नहीं) के लिए इससे संबन्धित अधिकारी का निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा। किसी भी अवसर पर IRIS स्कैनिंग/ सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से मना करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। इस संबंध में कृपया निम्नलिखित को नोट करें :**

**(a) सभी अभ्यर्थियों की 'बाईं आँख (IRIS)' कैप्चर की जाएगी।**

**(b) IRIS की कैप्चरिंग के समय अभ्यर्थी को कांटैक्ट लेंस तथा चश्मा हटाना होगा। अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे कांटैक्ट लेंस पहनने से बचें तथा वरीयतः चश्मा पहनें।**

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

**ऑनलाइन परीक्षाः**

ऑनलाइन परीक्षा (ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ प्रकार) की संरचना इस प्रकार होगीः

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | परीक्षा का माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य / वित्तीय जागरुकता | 25 | 25 | 15 मिनट | * |
| 2 | सामान्य अंग्रेजी | 25 | 25 | 15 मिनट | अंग्रेजी |
| 3 | परिमाणात्मक अभिवृत्ति | 25 | 25 | 15 मिनट | * |
| 4 | तर्कशक्ति क्षमता एवं कंप्यूटर अभिवृत्ति | 25 | 25 | 15 मिनट | * |
| | **कुल** | **100** | **100** | **60 मिनट** | |

जैसा कि ऊपर बताया गया है, प्रत्येक परीक्षा के लिए पृथक समय होगा।

सामान्य अंग्रेजी की परीक्षा को छोडकर, परीक्षा के प्रश्न 13 क्षेत्रिय भाषाओं में सेट किए जाएंगे। आसामी, बंगाली, गुजराती, कन्नड, कोकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलगु, उर्दू के अलावा अंग्रेजी और हिंदी भाषा संलग्न सारणी के अनुसार।

*** परीक्षा का माध्यम की आवेदित राज्यों के अनुसार सारणी:**

| क्र. | राज्य/यूटी | परीक्षा का माध्यम | क्र. | राज्य/यूटी | परीक्षा का माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंदमान और निकोबार | अंग्रेजी, हिंदी | 19 | लक्षद्विप | अंग्रेजी, हिंदी, मलयालम |
| 2 | आंध्र प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी, तेलगु, उर्दू | 20 | मध्य प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी | 21 | महाराष्ट्र | अंग्रेजी, हिंदी, मराठी |
| 4 | आसाम | अंग्रेजी, हिंदी, आसामी, बंगाली | 22 | मणिपुर | अंग्रेजी, हिंदी, मणिपुरी |
| 5 | बिहार | अंग्रेजी, हिंदी | 23 | मेघालय | अंग्रेजी, हिंदी |
| 6 | चंडिगढ | अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी | 24 | मिझोरम | अंग्रेजी, हिंदी |
| 7 | छत्तीसगढ | अंग्रेजी, हिंदी | 25 | नागालैंड | अंग्रेजी, हिंदी |
| 8 | दमण और दिऊ | अंग्रेजी, हिंदी, गुजराती | 26 | ओडिशा | अंग्रेजी, हिंदी, ओडीया |
| 9 | दिल्ली | अंग्रेजी, हिंदी | 27 | पाँडिचेरी | अंग्रेजी, हिंदी, तमिल |
| 10 | गोवा | अंग्रेजी, हिंदी, कोकणी | 28 | पंजाब | अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी |
| 11 | गुजरात | अंग्रेजी, हिंदी, गुजराती | 29 | राजस्थान | अंग्रेजी, हिंदी |
| 12 | हरियाणा | अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी | 30 | सिक्किम | अंग्रेजी, हिंदी |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी | 31 | तमिलनाडू | अंग्रेजी, हिंदी, तमिल |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू | 32 | तेलंगाना | अंग्रेजी, हिंदी, तेलगु, उर्दू |
| 15 | झारखंड | अंग्रेजी, हिंदी | 33 | त्रिपुरा | अंग्रेजी, हिंदी |
| 16 | कर्नाटक | अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड | 34 | उत्तर प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू |
| 17 | केरल | अंग्रेजी, हिंदी, मलयालम | 35 | उत्तराखंड | अंग्रेजी, हिंदी |
| 18 | लडाख | अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू | 36 | पश्चिम बंगाल | अंग्रेजी, हिंदी, बैंगाली |

वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंक होंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के लिए आबंटित अंक का ¼ काटा जाएगा।

उम्मीदवारों को कुल अंकों में से न्यूनतम प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक हैं (एससी/एसटी/ओबीसी/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 5% की छूट है)। कुल अंक में से न्यूनतम योग्यता अंक बैंक द्वारा तय किया जाएगा। अलग-अलग विषयों के लिए न्यूनतम योग्यता अंक निर्धारित नहीं है। मेरिट लिस्ट राज्यवार और श्रेणीवार निकाली जाएगी। परिक्षण में योग्य उम्मीदवारों को संबंधित राज्यों और श्रेणी में

अवरोही क्रम में उनके कुल अंकों के अनुसार रखा जाएगा। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होते है जो कि मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा।

## नमूना प्रश्न

नीचे कुछ नमूने के प्रश्न दिए गए हैं जो प्रत्येक प्रश्नावली में से चुने गये हैं । ये प्रश्न केवल उदाहरण के लिये हैं, व्यापक नहीं । अतः वास्तविक परीक्षा में आपको इनमें से कुछ या सभी प्रकार के प्रश्न मिल सकते हैं या वे भी मिल सकते हैं जिनका उदाहरण यहाँ नहीं दिया गया है ।

## सामान्य / वित्तीय जागरुकता

**प्र.1.** काले धन को सफेद (वैध) करने (money laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने अपने ग्राहक को जानों (Know Your Customer) योजना शुरू की है ?
(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड (4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** भारत में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धि तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?
(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र.3.** निम्नलिखित में से वह कौन सा राज्य है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रहनेवाले लोगों की संख्या अधिकतम हैं ?
(1) बिहार (2) आंध्र प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) राजस्थान (5) उड़िसा

**प्र.4.** चेक का भुगतान कौन रोक सकता है ?
(1) आदाता (2) आहर्ता (3) परांकिती (4) वसूलीकर्ता बैंक (5) सम्यक अनुक्रम में धारक

**प्र.5.** मांग ड्राफ्ट _________ दिन तक वैध रहता है।
(1) 1 माह (2) 3 माह (3) 6 माह (4) 1 साल (5) ड्राफ्ट में जैसा लिखा हुआ हो

## सामान्य अंग्रेजी

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है । व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने के प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें ।

**निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें ।

**प्र.1.** He quickly glanced __________ the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

इसका ठीक उत्तर “through” है जिसकी उत्तर संख्या ‘2’ है ।

**प्र.2.** The counsel urged the court to __________ down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**प्र.3.** The local official __________ the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई गलती हो तो वह वाक्य के किसी एक भाग में होगी । उस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है । यदि वाक्य में कोई गलती नहीं है तो उत्तर (5) है ।

**प्र.4.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

गलती (1) में है । अतः उत्तर ‘1’ है ।

**प्र.5.** To the Hindus (1) / the Ganga is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

इस प्रश्न में कोई गलती नहीं है । अतः इस प्रश्न का ठीक उत्तर ‘5’ है ।

**प्र.6.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher (3) / were very strict. (4) No error (5)

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द के अर्थ के समीप हो।

**प्र.7.** LETHAL

(1) light (2) dangerous (3) deadly (4) cruel (5) thoughtless

**प्र.8.** CENTENARY

(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man
(4) hundred runs (5) hundredth anniversary

## परिमाणात्मक अभिवृत्ति

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?

(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?

(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक
(4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?

(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70
(4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

कुछ प्रश्नों में अंकगणितीय तर्कशक्ति आवश्यक होगी । जैसे :

**प्र.4.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?

(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पैन का मूल्य क्या है ?

(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त आलेखों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**प्र.7-9. निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी I सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| विशेषता | विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत |
|---|---|

| | I | II | III | IV | V | VI |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.7.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य क्षमता

सारणी में श्रेणी I का प्रतिशत देखिये । आप देखेंगे कि वरिष्ठता को अधिकतम प्रतिशत दिया गया है। अतः आपका उत्तर है **वरिष्ठता** जिसका क्रमांक (2) है ।

**प्र.8.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

स्तंभ तथा पंक्ति के उस प्रतिछेदन की तरफ देखिये जहाँ पर श्रेणी III के लिये स्तंभ में प्रतिशत दिया है और बुद्धिमत्ता के लिये प्रतिशत पंक्ति में दिया गया है । आप देखेंगे कि 700 कर्मचारियों में से 10 प्रतिशत लोगों ने बुद्धिमत्ता विशेषता को श्रेणी III दी हैं । 700 कर्मचारियों का 10 प्रतिशत 70 है । अतः आपका उत्तर होगा क्रमांक (4) ।

**प्र.9.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य क्षमता (5) सामाजिकता

श्रेणी VI के प्रतिशत के संदर्भ में आपको पता चलेगा कि बुद्धिमत्ता को अधिकतम प्रतिशत दिये गये हैं । इसका अर्थ है कि अधिकांश लोग इसे सबसे कम महत्त्वपूर्ण मानते हैं और इसे अंतिम श्रेणी प्रदान करते हैं । अतः आपका उत्तर (2) है ।

## तर्कशक्ति क्षमता एवं कंप्यूटर अभिवृत्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ नमूना के तौर पर प्रश्न दिये हैं ।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षर समूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।

**प्र.1.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

उक्त पांचों में 'काला', 'लाल', 'हरा' तथा 'पीला' एक समूह बनाते हैं क्योंकि वे सभी रंगों के नाम हैं । रंग किसी रंग का नाम नहीं हैं । अतः उत्तर (4) है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.2.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.3.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है । उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में **: :** चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है । सही उत्तर ज्ञात कीजिये।

**प्र.4.** चरण : मनुष्य :: खुर : ?

(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

उक्त उदाहरण में 'चरण' और 'मनुष्य' में जो संबंध है उसी के अनुसार 'खुर' का 'घोड़ा' विकल्प से है, अतः आपका उत्तर 3 है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.5.** दिन : रात :: दयालु : ?

(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.6.** झोपड़ी : महल :: खरगोश : ?

(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

अब निम्नलिखित प्रश्न का अध्ययन कीजिए ।

**प्र.7.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.8.** ‘कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है ।’ इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं

(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.9.** यदि ‘A ” B’ का अर्थ है ‘A में B जोडें’, ‘A ’ B’ का अर्थ है ‘A में से B घटायें’, ‘A # B’ का अर्थ है ‘A को B से विभाजित करें’ और ‘A ⊗ B’ का अर्थ है ‘A का B से गुणा करें’; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं ?

(1) ($S_1$ ’ $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ ” $S_2$) (3) ($S_1$ ” $S_2$ # 2)

(4) ($S_1$ ⊗ $S_2$) # ($S_1$ ” $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.10.** मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है । बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है ।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं.

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I और II (4) न तो I और नही II (5) I और II दोनों

**प्र.11.** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिये गए हैं । आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य समझना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न खाते हों । दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष तर्कसंगत रुप से इन दोनों कथनों का अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों ।

कथन : सभी मशीन खिड़कीयां है । सभी खिड़कीयां बादल हैं ।

निष्कर्ष : I सभी मशीन बादल हैं ।

निष्कर्ष : II सभी बादल मशीन हैं ।

(1) कोई अनुसरण नहीं करता है । (2) केवल I अनुसरण करता है । (3) I और II दोनों अनुसरण करते हैं ।

(4) केवल II अनुसरण करता है । (5) या तो I या II अनुसरण करता है ।

## ऑनलाइन परीक्षा का विवरण

1. उम्मीदवार को **लॉगइन स्क्रीन** दिखाई पडेगी। उम्मीदवार को अपने यूज़र आई डी. और पासवर्ड, जो बुलावा पत्र में दिया गया है, का प्रयोग करते हुए लॉग इन करना होगा।
2. लॉगइन करने के बाद, उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल नं., फोटो इत्यादि) प्रदर्शित की जाएंगी और उम्मीदवार को **‘I confirm’** बटन पर क्लिक करके प्रोफाइल सही है की पुष्टि करनी है ।
3. तत्पश्चात् स्क्रीन पर अनुदेश दिखाई पडेंगे।
4. उम्मीदवार को अनुदेश ध्यान से पढ़ लेने चाहिए और स्क्रीन के बॉटम में दिए गए बॉक्स में ‘चेकिंग’ (क्लिक) करके इन्हें पढ लिया गया निर्दिष्ट कर देना चाहिए, उसके बाद **‘I am ready to begin’** बटन एक्टिवेट होगा।
5. **‘I am ready to begin’** बटन पर क्लिक करने के बाद परीक्षा का **वास्तविक समय** आरंभ होगा।
6. ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा में 100 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न के 5 विकल्प होंगे।
7. प्रश्न अंग्रेजी व संबंधित राज्य की चयनित भाषा में आएंगे। अंग्रेजी और अनुदित भाषा के बीच कोई विसंगती होने पर अनुदित भाषा को संदर्भ माना जाएगा और अंग्रेजी भाषा को वरीयता दी जाएगी।
8. एक समय में केवल एक प्रश्न दिखाई पडेगा।
9. परीक्षा की कुल अवधि 60 मिनट है । (प्रत्येक अनुभाग के लिए अलग समय)
10. प्रतिपूरक समय के लिए पात्र उम्मीदवारों हेतु परीक्षा समय के प्रत्येक 60 मिनटों के लिए 20 मिनट का प्रतिपूरक समय दिया जाएगा ।

11. प्रश्न का उत्तर देने के लिए उम्मीदवार को उस विकल्प पर 'माउस क्लिक' करना होगा, जिसे वह उचित/सही समझता है। **जिस विकल्प को क्लिक किया जाएगा, वह हाईलाएट हो जाएगा उसे उम्मीदवार द्वारा प्रश्न का दिया गया उत्तर समझा जाएगा।**

12. एक प्रश्न का उत्तर चुन लेने के बाद उम्मीदवार को अपने उत्तर को सेव करने और अगले प्रश्न पर जाने के लिए 'SAVE & NEXT' बटन पर क्लिक करना चाहिए। **ध्यान रहे, 'Save & Next' बटन पर क्लिक किए बिना प्रश्न के लिए चुना गया उत्तर सेव नहीं किया जाएगा।**

13. उत्तर देने के बाद जो प्रश्न सुरक्षित हैं या पुनर्विचार के लिए चिह्नित हैं, सिर्फ उन पर ही मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा ।

14. यदि उम्मीदवार किसी प्रश्न को हल नहीं करना चाहता है तो उसे उस प्रश्न के किसी विकल्प पर क्लिक नहीं करना चाहिए। उम्मीदवार प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए 'CLEAR RESPONSE' button पर क्लिक कर के किसी प्रश्न विशेष के अपने उत्तर को चाहे तो डिसिलेक्ट कर सकता है।

15. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रश्न विशेष को छोड़ना चाहता है और बाद में लेकिन अपनी परीक्षा सबमिट करने से फिर से हल करना चाहता है या उम्मीदवार किसी प्रश्न विशेष के उत्तर पर 'क्लिक' (चयन) करता है लेकिन बाद में उसकी समीक्षा करना चाहता है, तो वह उपलब्ध कराए गए कागज पर प्रश्न संख्या नोट कर सकता है।

16. हल किए गए और छोड़ दिए गए प्रश्नों की संख्याएं भी स्क्रीन की दाई ओर दिखाई जाएंगी। उम्मीदवार यदि उनमें से किसी प्रश्न को हल करना या संशोधित करना चाहे तो उस प्रश्न विशेष को देखने के लिए उस प्रश्न संख्या पर क्लिक कर सकता है।

17. प्रत्येक अनुभाग के लिए अलग समय है उम्मीदवार स्क्रीन के दाईं ओर प्रदर्शित प्रश्न संख्या पर क्लिक करके उस अनुभाग के लिए निर्धारित समय के दौरान एक अनुभाग के भीतर प्रश्नों के बीच नेविगेट कर सकते हैं।

18. स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

    1 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

    2 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

    3 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

    4 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

    5 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

    पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

**19. परीक्षा आरंभ होने के बाद किसी भी परीस्थिति में उम्मीदवार 'की बोर्ड की किसी भी कुंजी' पर क्लिक न करे क्योंकि इससे परीक्षा पर ताला लग जाएगा।**

20. सर्वर पर घड़ी लगाई गई है तथा आपकी स्क्रीन के दाहिने कोने में शीर्ष पर काउंटडाउन टाइमर में आपके लिए परीक्षा समाप्त करने के लिए शेष समय प्रदर्शित होगा । परीक्षा समय समाप्त होने पर, आपको अपनी परीक्षा बंद या जमा करने की जरूरत नहीं है ।

**<u>परीक्षा सबमिट करना</u>** :

21. उम्मीदवार किसी अनुभाग के लिए निर्धारित समय के भीतर उस अनुभाग में किसी प्रश्न के लिए अपना उत्तर बदल सकता/सकती है ।

22. परीक्षा अवधि समाप्त होने के बाद उम्मीदवार किसी भी प्रश्न को हल या चेक नहीं कर पाएंगे। उम्मीदवार के उत्तर कंप्यूटर सिस्टम द्वारा अपने आप सेव कर लिए जाएंगे भले ही उसने 'सबमिट' बटन न दबाया हो।

23. कृपया ध्यान दें, परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को फाइनली सबमिट करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

## परीक्षा के लिए सामाजिक दूरी संबंधी अनुदेश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री
   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगीः**
   **(क) मास्क**
   **(ख) पानी की अपनी पारदर्शी बोतल (अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल लेकर आएं)**
   **(ग) अपना हैंड सैनिटाइझर (50 मिली.)**
   **(घ) एक सामान्य पेन**
   **(ड़) परीक्षा संबंधी दस्तावेज (परीक्षा का बुलावा पत्र और फोटो ID कार्ड की फोटोप्रति स्टेपल हो और वही मूल ID कार्ड ।) ID कार्ड तथा बुलावा पत्र पर नाम बिलकुल एक जैसा होना चाहिए ।**
   **(च) स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में - विधिवत भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**
   परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है ।

3. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।

4. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

5. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपने पानी की पारदर्शी बोतल लानी चाहिए।

## आपको शुभकामनाएं!